an>

Title: Regarding strike by the transporters of Delhi.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : माननीय अध्यक्ष जी, दिल्ली सरकार ने पिछले समय में ट्रांसपोर्ट के मामले में कुछ ऐसी नीतियाँ बनायी हैं, जिनके कारण दिल्ली के ट्रांसपोर्टर हड़ताल पर गये हुए हैं, इससे जन-जीवन ठप्प हो गया है। पंजाब और हरियाणा राज्यों से बहुत-से लोग यहाँ आते हैं, उन लोगों की रोज़ी-रोटी का सवाल है।

माननीय अध्यक्ष : आपने दूसरे विÂषय के बारे में नोटिस दिया है।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा: महोदया, दोनों विÂषयों के बारे में नोटिस दिया हूँ।

माननीय अध्यक्ष : दो-दो विÂषय के बारे में नहीं दिया जाता है। I am sorry.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा: अध्यक्ष जी, मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि लेफ्टिनेंट गवर्नर इस समस्या का उपाय करें। मैं माननीय गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूँ, जैसी कि कहावत है कि "रोम जल रहा है और नीरो बाँसुरी बजा रहा है", यदि दिल्ली के मुख्यमंत्री बाहर घूम रहे हैं, दिल्ली के लोग जल रहे हैं, सड़ रहे हैं और वे कह रहे हैं कि लेफ्टिनेंट गवर्नर इसका समाधान ढूंढें, तो क्या गृह मंत्रालय लेफ्टिनेंट गवर्नर को पूरे अधिकार देने के लिए तैयार है।

माननीय अध्यक्ष : सर्वश्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।